


# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व के प्रमुख पठार



## काव्य मंजरी


### शैक्षिक कविताओं का संकलन

संकलन:- काव्य मंजरी टीम

मिशन शिक्षण संवाद



# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व के प्रमुख पठार


01

## तिब्बत का पठार



पठार अपने आसपास के,
स्थल से जो ऊँचा है।
चौड़ा और सपाट जिसका,
ऊपरी भाग समूचा है।।

ऐसा ही है एक पठार,
'तिब्बत का पठार' कहलाता है।
जो “दुनिया की छत” नाम से,
विश्व में जाना जाता है।।




'टकलामकान' रेगिस्तान तक फैला,
1000 किलोमीटर है लम्बाई।
चौदह पर्वत आते इसमें,
2500 किलोमीटर चौड़ाई।।


मध्य एशिया में है स्थित,
हिमालय से शुरु हो जाता है।
जिसमें चीन के साथ-साथ,
भारत का 'लद्दाख' भी आता है।।



रचना- पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर
धनीपुर, अलीगढ़



# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व के प्रमुख पठार

02

## अनातोलिया का पठार

विश्व के प्रमुख पठारों में से,
एक अनातोलिया का पठार।
तुर्की में यह पाया जाता,
कहलाता तुर्की का पठार।।



कहीं-कहीं पर सपाट है यह,
कहीं कहीं पर लहरदार।
800 मीटर ऊँचाई है,
खनिजों का है यह भण्डार।।

बीचोंबीच में ज्वालामुखी,
निक्षेप से उभरी आकृतियाँ।
खारे व मीठे पानी की झीलें,
और बहती हैं कई नदियाँ।।



रचना
हेमलता गुप्ता (स० अ०)
प्रा० वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़


शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद

## विश्व के प्रमुख पठार



03

## दक्कन का पठार



भारत का विशालतम पठार है जो,
दक्षिण भारत का भू भाग है वो।
त्रिभुजाकार पठार है जो,
600 मीटर ऊँचा है वो।।

भारत के 8 राज्यों में फैला,
डेक्कन का हिन्दीकरण निराला।
भारत का सबसे विशाल खण्ड है स्थित,
सतपुड़ा से विंध्य पर्वत के बीच अवस्थित।।

कठोर आग्नेय चट्टानों से यह बना है,
सबसे अधिक उत्तर दिशा में फैला है।
महाराष्ट्र आंध्र प्रदेश तेलंगाना पठार,
तीन भागों में बंटा हुआ है यह पठार।।


रचना :
आकांक्षा मिश्रा ( स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय सिकंदरपुर
सुरसा, हरदोई



शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान





# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पठार

## 04

## मेघालय का पठार




देखो कितना सुन्दर
मेघालय का पठार।
मानसूनी वन से हरा-भरा,
रहता हमेशा सदाबहार।।

पश्चिमी भाग में ही स्थित खासी हिल्स,
देखो सबको भाती यहाँ की गारो हिल्स।
नदी बहती सिमसंग सांडा कृष्णाई,
कालू भूपाई डारंग और नदीं निताई।।

शिलांग पठार भी इसे हैं कहते,
लाल पंडा आदि जीव है मिलते।
मूल रूप से यह है प्रायद्वीप पठार,
उत्तर पूर्वी भारत का अनोखा पठार।।


रचना-
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्रा० वि० मणिपुर
ऐरायां, फतेहपुर




शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पठार



## 05

## गिरिपद (पर्वत पदीय) पठार

पठार पृथ्वी पर स्थिति,
अनुपम उच्चावच हैं।
यह पृथ्वी के स्थल भाग के,
एक तिहाई पर विस्तृत हैं।।



पठारों का ऊपरी भाग,
चपटा, फैला हुआ होता है।
उससे भी अधिक महत्वपूर्ण,
शिखर का चपटा होना होता है।।



पर्वतों के आधार पर अवस्थित,
पठारों को पर्वत पदीय कहते हैं।
यह एक तरफ उच्च पर्वतों से,
दूसरी ओर सागर या मैदान से घिरे होते हैं।।

अमेरिका का पीटमांठ पठार,
गिरिपद पठार के उदाहरण हैं।
दक्षिण अमेरिका में भी ऐसे,
पैंटागोनिया पठार हैं।।



रचना- जितेन्द्र कुमार (स०अ०)
प्रा० वि० धनौरा सिल्वर नगर- 1
विकास खण्ड व जनपद- बागपत





# विश्व के प्रमुख पठार

## 06

## कोलम्बिया का पठार

दक्षिण अफ्रीका महाद्वीप में,
कोलम्बिया एक प्यारा देश।
राज्य अलास्का के दक्षिण में,
फैले कोलम्बिया पठार विशेष।।

संयुक्त राज्य अमेरिका में,
जिनको कहते स्नेक पठार।
सात सौ मीटर लम्बे जिनमें,
मिलते ज्वालामुखी पहाड़।।

यू० एस० के ओरगन, वाशिंगटन,
इगाहो राज्यों में ये फैले हैं।
औसत ऊँचाई बारह सौ मीटर,
रॉकी- कैस्केड पर्वत के मेले हैं।।

इस पठार के पूर्वी भाग में,
मिलता है पीला पत्थर।
सात सौ मीटर मोटा लावा,
जमा हुआ इसकी सतह पर।।



रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
पू०मा०वि०स्योढ़ा,
बिसवाँ, सीतापुर




शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पठार



## 07

## ग्रीनलैंड का पठार

उत्तर अमेरिका महाद्वीप का,
ग्रीनलैंड एक हिस्सा।
ग्रीनलैंड में है जो पठार,
सुन लो उसका क़िस्सा।।




चौदह पर्वत आस-पास,
हिम से हैं आच्छादित।
यह इलाका कहलाता है,
इस कारण 'दुनिया की छत'।।

एक हज़ार किलोमीटर लम्बा,
और ढाई हजार है चौड़ा।
उत्तर से दक्षिण को चलकर,
पूरब-पश्चिम तक दौड़ा।।

ग्रीनलैंड तो अलग-अलग,
तीन द्वीपों से मिलकर बना।
एस्किमों जनजाति इसकी,
नहीं जनसंख्या में घना।।



रचना-
फ़राह हारून (प्र०अ०)
प्रा० वि० मढ़िया भांसी
सालारपुर, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व के प्रमुख पठार

## 08

## ग्रेट बेसिन पठार




आसपास की जमीन से,
पर्याप्त ऊँचा भाग।
ऊपर चौड़ा और सपाट,
कहलाता है वह पठार है।।

है सम्पूर्ण धरातल का,
33% भाग पर विस्तार।
संयुक्त राज्य अमेरिका का पठार,
कोलंबिया के दक्षिण में है पठार।।

औसत ऊँचाई 900 से 1500मीटर,
कोलोरेडो, कोलंबिया नदी के मध्य।
525000 वर्ग किलोमीटर पर,
ग्रेट बेसिन का है विस्तार।।

रचना-
सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा० वि० टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पठार



## 09

## अलास्का पठार



उत्तरी अमेरिका महाद्वीप में,
है राज्य अलास्का पश्चिमोत्तर में।
1867 ई० में था रूस से जो लिया,
1957 में वैधानिक अधिकार दिया।।

अधिकांश निवासी गोरी जाति इधर,
केचिकन, ईस्टचेस्टर, अलास्का के सम्पन्न नगर।
अलास्का राज्य के उत्तरी भाग पर,
चर्चा करें स्थित अलास्का पठार पर।।

यूकन सहायक नदियों ने मिलकर बनाया पठार,
अमेरिका के अलास्का का कहलाया यूकन पठार।
पश्चिम से चलकर यूकन बेरिंग सागर में गिरती है,
यूकन पठार से होकर उत्तर गामिनी यूकन बहती है।।

7800 कि० मी० लम्बी उत्तर दक्षिण लम्बाई,
6400 कि० मी० में फैली, पूरब-पश्चिम चौड़ाई।
अलास्का से पड़ा नाम अलास्का पठार,
दूसरा यूकन नदी से पड़ा यूकन पठार।।



रचना
नीतू कुमारी (स०अ०)
प्रा० वि० सादातपुर नाचनी
इस्लामनगर, बदायूँ


शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पठार



## 10

## एशिया माइनर का पठार

तुर्की का मध्य भाग एशिया माइनर कहलाता,
जो ऐनाटोलिया नाम से भी जाना जाता।
यहाँ मिलते पहाड़ ऊँचे-ऊँचे,
पठार है पश्चिम में 2000 तो पूर्व में 4000 फुट ऊँचे।।

टॉरस, पॉण्टस पर्वतमालाएँ इसको घेरती,
बहती नदियाँ झीलों में गिरती तो कभी दलदल में छिपती।
जाड़े में भूमि बर्फ की चादर ओढ़ती,
गर्मी में गर्म, तेज हवाएँ यहाँ चलती।।



दूध, दही का समावेश भोजन में होता,
ऊन व ऊनी कम्बल तैयार यहाँ होता।
गर्मी में गड़रिए जाते पहाड़ों पर,
अन्य मौसम में आते मैदानों पर।।

घास के मैदानों में भेड़ बकरियाँ हैं पलती,
हो सिंचाई के साधन तो गेंहूँ की खेती होती।
पठार में तुर्की की एक तिहाई जनसंख्या रहती,
राजधानी अंकारा भी यहीं स्थित होती।।



रचना
स्मृति परमार (स०अ०)
प्रा० वि० मामूरगंज
कादरचौक, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान


# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पठार

11

## मेडागास्कर का पठार

सुनो-सुनो एक बात नयी,
मेडागास्कर की बात नयी।
कहते इसे मालागासी भी,
अफ़्रीका द्वीप के पूर्वी तट की।।



मालागासी कहलाती,
यहाँ की जीव प्रजाति।
विश्व की पाँच प्रतिशत,
जीव-पादप प्रजाति ।।

हिंद महासागर से,
होकर यहाँ सब आए।
२००० वर्ष पहले,
जनजीवन ना बतलाए।।


अफ़्रीका से अलग हुआ,
विश्व पटल पर अलग हुआ।
फ़्रांस राज्य से अलग हुआ,
मालगासी गणराज्य हुआ।।



रचना- रजत कमल वार्ष्णेय
(स०अ०)
प्रा० वि० खंजनपुर
इस्लामनगर, बदायूँ



# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व के प्रमुख पठार

## 12

## मेसेटा का पठार

दक्षिण यूरोप के प्रायद्वीप में,
विकसित बसे स्पेन देश में।
इसी देश के मध्य में स्थित,
मेसेटा  पठार अनुपम अवस्थित।।




स्पेन की राजधानी मैड्रिड,
इसी पठार के मध्य बसा।
२ लाख वर्ग किमी० विस्तृत,
आय का मुख्य स्रोत कृषि।।

२१०० मीटर औसत ऊंचाई,
चौड़ा सपाट पठार विस्तृत।
कैथोलिक धर्म घर घर प्रचलित,
घूमे पठार बसे उसकी स्मृति।।

रचना-
सीमा मिश्रा (स०अ०)
कंपोजिट विद्यालय काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर




शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## विश्व के प्रमुख पठार

**13**

## बोलीविया का पठार



धरा का विशिष्ट स्थल रूप,
जो जमीं से थोड़ा ऊँचा होता।
इसका उपरी भाग चौडा और,
सपाट है, यह पठार होता।।

विश्व की सर्वाधिक ऊँचाई पर,
नौकागम्य झील पर स्थित है।
बोलीविया पठार पर टिटिकाका,
नाम की यह झील स्थित है।।

वाणिज्यिक रूप से यह झील,
दुनिया की सबसे बडी झील है।
दुनिया का सबसे बडा नमक स्पॉट,
क्षेत्र और लिथियम का स्रोत है।।

बोलीविया का पठार 800 किमी लम्बा,
और 128 किमी इसकी चौडाई है।
यह एण्डीज पर्वत माला में स्थित है,
3110 मी० इसकी औसत ऊँचाई है।।


ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
वि० क्षे० व जनपद- बागपत






शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व के प्रमुख पठार

## 14

## अबीसीनिया का पठार

द्वितीय श्रेणी के स्थल रूप में
महत्वपूर्ण होते हैं ये पठार ,
ऐसा ही पूर्वी अफ्रीका में
है अबीसीनिया का पठार ।




इथोपिया से सोमालिया में
विस्तृत है ये पठार ,
या कहें हार्न आफ अफ्रीका में
विस्तृत है ये पठार ।




दरार घाटी के रूप में
आबूसा झीलयुक्त है ये पठार ,
श्वेत नदी की उपनदी के रूप में
बारो नदी युक्त है ये पठार ।

नीली नील नदी के स्रोत के रूप में
ताना झीलयुक्त है ये पठार ,
द्वितीय श्रेणी के स्थल रूप में
महत्वपूर्ण होते हैं यह पठार।


रचना-
गुलफ्शाँ (स. अ.)
प्रा. वि. केवटरा बेंता
देवमई फतेहपुर





शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान




# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व के प्रमुख पठार

15

## कोलोराडो पठार



रॉकी पहाड़ों के दक्षिण का,
पश्चिम तक विस्तृत बड़ा पठार।
उत्तर पूर्व में पहाड़ों को,
आगे से रोकता यह पठार।।

ग्रैंड कैनियन के दक्षिण व,
पश्चिमी कोने से बना पठार।
कोलोराडो व अन्य सहायक,
नदियों द्वारा बना यह पठार।।

बड़े पैमाने पर जंगल है,
फिर भी रेगिस्तानी पठार।
भूगोल और इतिहास दोनों में,
विशेष महत्व रखता यह पठार।।

चमत्कारी यूरेनियम व दुर्लभ,
वन्य जीव का स्थान पठार।
9 राष्ट्रीय उद्यानों व 18 स्मारकों,
का संगम बनता कोलोराडो पठार।।


रचना
दीपिका जैन (स०अ०)
प्रा० वि० बनगवां
सालारपुर, बदायूँ



आओ हाथ से हाथ से मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429



# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व के प्रमुख पठार

## 16

## पेरू का पठार



दक्षिण अमरीका महाद्वीप में स्थित,
एक देश है जो पेरू नाम से जाना जाता।
राजधानी है इसकी लीमा,
पेरुआनी इसका नागरिक कहलाता।।

भाषा है यहाँ की स्पेनिश,
अमेज़ॉन प्रमुख नदी है यहाँ की।
विश्व में जनसंख्या में नम्बर 41 वाँ,
तीन तरह की जलवायु है यहाँ की।।

सबसे बड़ी झील यहाँ की है टिटिकाका,
प्राचीन सभ्यता है यहाँ की इंका।
विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था,
में भी देखो प्रसिद्ध नाम है इसका।।

आदिवासी संस्कृति महान है यहाँ पर,
ज्यादातर ईसाई धर्म को मानते हैं यहाँ पर।
न्यूवो सोल मुद्रा करती राज यहाँ पर,
प्रमुख उद्योग मछली और खनन हैं यहाँ पर।।




रीना कुमारी (शिक्षक संकुल)
उ० प्रा० वि० सिसाना
वि० क्षे० व जनपद- बागपत



# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख पठार



## 17

## मैक्सिको का पठार

आस-पास की जमीन से,
पठार ऊँचाई पर होते हैं।
सागर तट से कम से कम,
छः सौ मीटर ऊँचे होते हैं।।



मैक्सिको पठार का नाम,
मैक्सिकन अल्टिप्लानो भी है।
उत्तर में संयुक्त राज्य अमरीका सीमा,
दक्षिण में ट्रांसमैक्सिकन ज्वालामुखी है।।



उत्तरी अमेरिका महाद्वीप के दक्षिण में,
मैक्सिकन लावा निर्मित पठार है।
दक्षिण-पश्चिम में सियरामाद्रे,
पर्वत-श्रेणियों से घिरा पठार है।।



इन श्रेणियों व समुद्र के बीच,ज
निचले व सँकरे मैदान हैं।
तीन हजार मीटर से ऊँची,
पर्वत श्रेणियों पर विद्यमान है।।

रचना- नैमिष शर्मा (स०अ०)
संवि० पूर्व मा० विद्यालय- तेहरा
विकास खण्ड व जनपद- मथुरा

# मिशन शिक्षण संवाद

## विश्व के प्रमुख पठार

### रचनाकारों की सूची

01- पूनम गुप्ता, अलीगढ़
02- हेमलता गुप्ता, अलीगढ़
03- आकांक्षा मिश्रा, हरदोई
04- सुधांशु श्रीवास्तव, फतेहपुर
05- जितेन्द्र कुमार, बागपत
06- शिखा वर्मा, सीतापुर
07- फ़राह हारून, बदायूँ
08- सुमन पांडेय, फतेहपुर
09- नीतू कुमारी, बदायूँ
10- स्मृति परमार, बदायूँ
11- रजत कमल वार्ष्णेय, बदायूँ
12- सीमा मिश्रा, फतेहपुर
13- ज्योति सागर, बागपत
14- गुलाफ्शां, फतेहपुर
15- दीपिका जैन, बदायूँ
16- रीना कमारी. बागपत
17- नैमिष शर्मा, मथुरा

तकनीकी सहयोग:- आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद
मार्गदर्शन:- राज कुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलन:- मिशन शिक्षण संवाद